


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

सराईघाट पुल

वर्ष 3 | अंक 11 | जुलाई-सितम्बर 2012

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल में बड़ी लाइन तथा छोटी लाइन के अनुपम समावेश वाला लामडिंग मंडल अपने विद्यमान अवसंरचनाओं से क्षेत्र के पॉच राज्यों यथा असम, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम तथा त्रिपुरा को अपनी सेवाएं प्रदान करता रहा है। क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए गाड़ी संचलन के समय-पालन में उत्कृष्टता के साथ-साथ सुख-साधन में भी सुधार लाने का प्रयास लगातार जारी है। मीटर लाइन के सवारी डिब्बों में सुधार तथा गुवाहाटी में पुरूष एवं महिलाओं के लिए वातानुकूलित प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय का निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल के गुवाहाटी, कामाख्या, लामडिंग तथा डिमापुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रेड रिबन एक्सप्रेस, संस्कृति एक्सप्रेस, साइंस एक्सप्रेस, विवेक एक्सप्रेस आदि गाड़ियों की प्रदर्शनियों के मार्फत क्षेत्र के नागरिकों में सामाजिक तथा सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के प्रयास में भी मंडल हमेशा तत्पर है।

रेल कर्मियों की समर्पित सेवा तथा कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप मंडल के यात्री, माल, अन्य कोचिंग तथा विविध अर्जन में वृद्धि के साथ-साथ टिकट जॉच अर्जन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हासिल हुई है।

भिन्न भाषा-भाषी क्षेत्र के बावजूद मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में लगातार वृद्धि लाना एक सराहनीय कार्य है और 'लामडिंग दर्पण' का नियमित प्रकाशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि ये बढ़ते कदम अपनी मंजिल तक अवश्य पहुँचेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक ▪

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.........

भारतीय रेल राष्ट्र के आर्थिक विकास के साथ-साथ पूरे देश को आपस में जोड़ने का काम भी करती है। मंडल के कार्यक्षेत्र में भाषायी भिन्नता होने के फलस्वरूप संपर्क भाषा के रूप में राजभाषा का महत्व काफी अधिक है। हमारे सम्मानित ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच कार्यालयों/स्टेशनों में सूचनाओं के आदान-प्रदान के दौरान आपसी बोलचाल का माध्यम भी यही है। अतः इसका प्रयोग-प्रसार बढ़ाकर मंडल अपने सम्मानित ग्राहकों की सेवा के साथ-साथ राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित कर संवैधानिक जिम्मेवारी निभा रहा है। पत्रिकाएं भाषाओं के विकास के साथ-साथ विविध जानकारियों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम होती हैं। मंडल की त्रैमासिक गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' के 11वें अंक के माध्यम से क्षेत्र की विशिष्ट गतिविधियों को आप तक पहुँचाने का हमारा प्रयास मात्र है। आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि राजभाषा के कार्यान्वयन में हमारे प्रयास सहायक सिद्ध होंगे।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ▪

### महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा गुवाहाटी स्टेशन पर प्रथम श्रेणी वातानुकूलित पुरूष एवं महिला प्रतीक्षालय का शुभारंभ

श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 10 सितम्बर 2012 को गुवाहाटी स्टेशन पर प्रथम श्रेणी वातानुकूलित पुरूष एवं महिला प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक तथा प्रमुख विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में गुवाहाटी स्टेशन के वीआईपी लाउंज में एक प्रस्तुति द्वारा उपलब्ध यात्री सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया।



गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर प्रथम श्रेणी वातानुकूलित पुरूष एवं महिला प्रतीक्षालय का उद्घाटन करते हुए श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पू. सी. रेल

### रेल स्टेडियम, मालीगॉव में तीरंदाजी एरीना का शुभारंभ

श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 12 सितम्बर 2012 को रेल स्टेडियम, मालीगॉव में तीरंदाजी एरीना का उद्घाटन किया। इस प्रकार पूर्वोत्तर सीमा रेल के खेल प्रेमियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जा सका।



रेल स्टेडियम, मालीगॉव में तीरंदाजी एरीना का शुभारंभ के अवसर पर श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा अन्य पदाधिकारीगण

### अध्यक्ष यात्री सेवा समिति का गुवाहाटी एवं कामाख्या दौरा

स्टेशनों पर बेहतर यात्री सुख सुविधाएं मुहैया करवाने तथा स्टेशनों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के मद्देनजर श्री जे. बक्सला, अध्यक्ष, यात्री सेवा समिति ने 17 एवं 18 सितम्बर 2012 को गुवाहाटी एवं कामाख्या स्टेशनों का निरीक्षण किया।

## महाप्रबंधक : लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन के दौरे पर

26 जून 2012 को लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में मानसून की वर्षा से हुई असीम क्षति एवं रेल यातायात में आए व्यवधान को हमारे साहसी, कर्मठ व समर्पित रेलकर्मी निरंतर चौबीसों घंटे अपने लगन और कठोर परिश्रम का परिचय देते हुए तत्परता के साथ कार्य किए परिणामस्वरूप सेक्शन में 23-26 जुलाई 2012 के बीच माल तथा यात्री यातायात को बहाल करना संभव हो सका।



मानसून की वर्षा से हुई असीम क्षति के दौरान हिल सेक्शन के दौरे पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर. एस. विर्दी तथा मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण

## महाप्रबंधक द्वारा अगरतला-सिलचर मीटर लाइन सेक्शन का निरीक्षण

श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 13 एवं 14 सितम्बर 2012 को मंडल के अगरतला-सिलचर मीटर लाइन सेक्शन का निरीक्षण किया। इस सेक्शन में विशेषकर जिरीनिया, धर्मनगर, करीमगंज, बदरपुर तथा सिलचर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाएं, संरक्षा से संबंधित विषयों, रेलपथ की गुणवत्ता, स्टेशन परिसरों तथा यातायात के विविध मदों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे के संगठित यूनियनों, प्रेस एवं राजनीतिक दलों के सदस्यों से सुधार कार्य और रख-रखाव के संबंध में विचार-विमर्श किया।



महाप्रबंधक द्वारा मीटर लाइन के जिरीनिया स्टेशन के निरीक्षण का दृश्य

## सद्भावना दिवस

भारतीय अखंडता, भावनात्मक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने के लिए 21 अगस्त 2012 को मंडल मुख्यालय के कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि संवैधानिक तरीके से आपसी सुझ-बुझ के द्वारा सभी भेदभाव को मिटाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## 66 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

मंडल कार्यालय परिसर में 66 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री राकेश गोयल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्काउट एवं गाइड के परेड की सलामी ली। मंडल में वर्ष 2012 के दौरान उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में अव्वल स्थान पानेवाले रेल कर्मचारियों के प्रत्येक बच्चों को ₹ 10,000/-का नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



66 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल

## रेड रिबन एक्सप्रेस

एड्स एवं एचआईवी से संबंधित विभिन्न झांकियों से सुसज्जित रेड रिबन एक्सप्रेस प्रदर्शनी रेलगाड़ी को 09 एवं 10 अगस्त 2012 को कामाख्या स्टेशन तथा 17 एवं 18 अगस्त 2012 को डिमापुर स्टेशन में प्रदर्शनी के लिए रखा गया।




कामाख्या स्टेशन पर रेड रिबन एक्सप्रेस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर. एस. विर्दी

कामाख्या स्टेशन पर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल,श्री आर. एस. विर्दी के कर कमलों से तथा डिमापुर स्टेशन पर माननीय राज्यपाल, नागालैण्ड के कर कमलों से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

## नामबाड़ी में ट्रांजिट सुविधा का विस्तार

नामबाड़ी में अधिकारियों के लिए 6 यूनिट ट्रांजिट सुविधा का विस्तार किया गया। इस ट्रांजिट यूनिट का उद्घाटन पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक के करकमलों से संपन्न हुआ।



नामबाड़ी में नवनिर्मित ट्रांजिट भवन का दृश्य

## अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता

26 एवं 27 सितम्बर 2012 को स्थानीय रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगीत नृत्य के इस रंगा–रंग कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने किया। संगीत प्रतियोगिता में कुल 32 प्रतिभागियों ने तथा नृत्य प्रतियोगिता में कुल 04 प्रतिभागियों ने सहभागिता किया। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




रेलवे इंस्टीच्यूट, लामडिंग में आयोजित अंतर मंडल संगीत, नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का दृश्य

## लामडिंग–बदरपुर सेक्शन में दूरभाष संचार की व्यवस्था

मंडल के लामडिंग–बदरपुर सेक्शन में संचार व्यवस्था में सुगमता लाने के उद्देश्य से वी–सेट के माध्यम से दूरभाष संचार की व्यवस्था प्रारंभ करने का कार्य मेसर्स ट्रांस वर्तुल प्राइवेट लिमिटेड, गुवाहाटी को सुपुर्द किया गया है।

**" हिंदी उन सभी गुणों से अलंकृत है जिसके बल पर वह विश्व की साहित्यिक भाषाओं की अगली श्रेणी में समासीन हो सकती है"**

**– मैथलीशरण गुप्त**

## गाड़ी समय पालन

गुवाहाटी में प्रचालन, यांत्रिक तथा बिजली विभाग में उत्कृष्ट समन्वय स्थापित कर यांत्रिक और बिजली विभाग द्वारा सवारी डिब्बों का सिक मार्किंग कम करने; लोको, सवारी एवं माल डिब्बों तथा सिगनल की विफलता में कमी लाने तथा पिट और प्लेटफार्म की उपयोगिता बढ़ाने; मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़ियों के संचलन को प्रभावित किए बिना इंजीनियरी कार्य हेतु प्रचालन ब्लॉक के उपयुक्त योजना बनाने; लोको की गति में सुधार लाने आदि के फलस्वरूप बीजी गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 56% की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2012 में 92% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 36% अधिक है।

## संस्कृति एक्सप्रेस

रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन–शैली एवं दर्शन पर आधारित विविध झांकियों से सुसज्जित संस्कृति एक्सप्रेस प्रदर्शनी रेलगाड़ी को कामाख्या स्टेशन पर 6 सितम्बर, 2012 को प्रदर्शनी के लिए रखा गया। स्थानीय जनता तथा मालीगॉव मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों के बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कविगुरु के जीवन एवं कृतित्व के दर्शन किए।




कामाख्या स्टेशन पर संस्कृति एक्सप्रेस प्रदर्शनी रेलगाड़ी का एक दृश्य

## मंडल का अर्जन

### यात्री अर्जन

गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2012 के दौरान यात्रियों की संख्या में 482962 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 83.09 करोड़ की तुलना में ₹ 86.10 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 3.01 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### माल अर्जन

मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। जुलाई–सितम्बर 2012 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 18.65 करोड़ की प्राप्ति हुई।

### अन्य कोचिंग अर्जन

गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 10.92 करोड़ की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2012 में ₹ 12.93 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 2.01 करोड़ की वृद्धि हुई।

### अन्य विविध अर्जन

जुलाई–सितम्बर 2012 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 7.16 करोड़ का अर्जन हुआ।

## राजभाषा की गतिविधियां

**हिंदी दिवस 2012 :** हिंदी दिवस के पावन अवसर पर 14 सितम्बर 2012 को अपर मंडल रेल प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से कार्यालयों में राजभाष के कामकाज में और अधिक वृद्धि लाने का संदेश दिया।

### अधिकारियों की राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

मंडल मुख्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर स्थानीय सभा कक्ष में अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले समूह को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



हिंदी दिवस के अवसर पर अधिकारियों के लिए आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का दृश्य

**राजभाषा पखवाड़ा 2012 :** मंडल में दिनांक 15.09.12 से 28.09.12 तक राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया गया। इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों यथा मंडल मुख्यालय लामडिंग, डीजल शेड/न्यूगुवाहाटी तथा गुवाहाटी स्टेशन में हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, मंडल मुख्यालय लामडिंग, डीजल शेड/लामडिंग, क्षेत्र प्रबंधक का कार्यालय/गुवाहाटी, चापरमुख स्टेशन तथा डिमापुर स्टेशन पर राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता करते मंडल मुख्यालय के कर्मचारीगण

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

अपर मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में 14 सितम्बर 2012 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### टर्मिनल मैनेजमेंट सिस्टम

जुलाई माह के दौरान मीटर लाइन के हाथीखाली स्टेशन में टर्मिनल मेनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया गया। इस प्रकार मंडल के सभी बी. जी. एवं एम.जी. सेक्शन के स्टेशनों को टर्मिनल मेनेजमेंट सिस्टम के द्वारा जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया गया।

### प्राइम साफ्टवेयर-अनुपूरक बिल के अनुकूल

मंडल के आई.टी. केन्द्र के प्राइम साफ्टवेयर को विविध अनुपूरक बिलों यथा समयोपरि भत्ता, यात्रा भत्ता, रनिंग भत्ता, रात्रि ड्यूटी भत्ता एवं राष्ट्रीय अवकाश भत्ता, एमएसीपी, बकाया बिल एवं निर्वाह भत्ता आदि के अनुकूल बनाया गया।

### बिल यूनिटों का पुनर्गठन

मंडल के कार्य प्रणाली में दक्षता लाने के लिए सिगनल एवं दूरसंचार, यॉत्रिक, यातायात, इंजीनियरी, वित्त, राजपत्रित एवं चिकित्सा विभाग के कुल 352 बिल यूनिटों को घटाकर 69 बिल यूनिटों में समाहित किया गया।

## मंडल महिला कल्याण संगठन

### ड्राइंग, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता

मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग द्वारा रेल कमचारियों के बच्चों को प्रोत्साहित कर उनमें प्रतिभा जागृत करने के लिए 6 सितम्बर एवं 16 सितम्बर 2012 को ड्राइंग, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए ड्राइंग तथा पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई गई।



ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी का दृश्य

### कार्मिक कल्याण

मंडल में जुलाई-सितम्बर 2012 की अवधि में समूह 'ग' में अनुकंपा के आधार पर एक तथा समूह 'घ' में 29 उम्मीदवार, टेलेंट स्काउटिंग धनुर्विद्या एवं वॉलीवाल के तहत एक-एक उम्मीदवार एवं LARSGESS के तहत 126 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 83 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कुल 09 मामलों का निपटान किया गया।



सौभाग्य उन्हीं को प्राप्त होता है, जो अपने कर्तव्य पथ पर अविचल रहते हैं।
~ प्रेमचंद

संरक्षक
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सतीश कोठारी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस. पी. यादव
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी